Tiranga March in the University

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आज दिनांक 6 अगस्त 2022 को आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम मे तिरंगा यात्रा का आयोजन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो एनबी सिंह की अगुवाई में किया गया। तिरंगा यात्रा के आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण और महिला अध्ययन केंद्र के द्वारा प्रतिभाग किया गया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ जफरुन नकी ने आजादी के दौरान शहीद होने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शहादत को याद करते हुए कहा कि हम लोग तिरंगा यात्रा के माध्यम से उन्हें एक श्रद्धांजलि समर्पित कर रहे हैं । हमें उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन को और अपने विद्यार्थियों के जीवन को सर्वांगीण विकास की ओर ले जाना चाहिए।

कार्यक्रम का प्रारंभ शैक्षणिक भवन के सभागार से किया गया एवं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन पर इसका समापन किया गया। कार्यक्रम में महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक, डॉ नलिनी मिश्रा, एनसीसी एएनओ डॉ (ले) बुशरा अलवेरा, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.ज़फरून नकी और सहायक अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉ. शचीन्द्र शेखर के नेतृत्व में सभी विद्यार्थियों ने और स्वयंसेवकों ने तिरंगा यात्रा में भाग लेकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शहादत को याद किया।